# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स स्कूल

**एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२६-२०२७**

**कक्षा:-चार** | **विषय: हिंदी व्याकरण** | **अनुच्छेद**

## समय का महत्व

**मनुष्य के जीवन में समय का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है । जो व्यक्ति समय का सदुपयोग नहीं करता, वह जीवन में कभी सफलता प्राप्त नहीं कर सकता क्योंकि समय का उचित नियोजन ही सफलता का प्रथम सिद्धांत है ।अपने उद्देश्य की प्राप्ति हेतु मनुष्य को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह समय का सदुपयोग करें । विद्यार्थी जीवन में तो समय नियोजन और भी आवश्यक है क्योंकि विद्यार्थी जीवन ही मनुष्य के भावी जीवन का आधार है । तालिका बनाकर विभिन्न कार्य को करने के लिए समय निश्चित करें। हर कार्य को निश्चित समय अवधि पर या पहले समाप्त करने का प्रयास करें ताकि आप बचे हुए समय में अपने अन्य कार्य को पूरा कर सके । महान विद्वानों ने भी समय के महत्व को स्वीकार किया है ।जीवन में वही लोग उन्नति कर पाते हैं, जो समय के महत्व को समझते हैं ।अतः हमें अपनी कीमती समय को व्यवस्थित ढंग से उपयोग करना चाहिए ।**